एक नजर में

सरस्वती शिशु मंदिर चापोरा मे नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 26 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर चापोरा मे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 41 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉण्अकरम खान ;जनरल फिजिशियनद्ध द्वारा स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में और डॉण् विलास मोरे के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

कर्मचारी महासंघ करेगा नए मुख्य सचिव से मुलाकात

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने घोषणा की कि संगठन जल्द ही राज्य के नए मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मुलाकात करेगा। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने और दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने संबंधी आदेश जारी करने की मांग करना है। ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि मध्य प्रदेश के कार्यरत और सेवानिवृत्त 15 लाख से अधिक कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब अशोक वर्णवाल स्वास्थ्य विभाग में अपर मुख्य सचिव थ तब उनके नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण योजना की फाइल तैयार की गई थी। यह मामला फिलहाल वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के बीच लंबित है। हालांकिए मुख्य सचिव बनने के बाद अशोक वर्णवाल के पास अब इस संबंध में निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। कर्मचारी संगठनों को उम्मीद है कि उनके हस्तक्षेप से इस योजना को गति मिलेगी। वर्णवाल जब स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव थेए तब भी आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी संगठनों ने उनसे मुलाकात की थी। उस समय उन्होंने आश्वासन दिया था कि बीमा योजना लागू करने पर तेजी से काम चल रहा है। उनके मुख्य सचिव बनने से कर्मचारियों में नई उम्मीद जगी है। इन संगठनों ने 15 लाख कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने और दो से अधिक संतानों की बाध्यता समाप्त करने वाला आदेश तत्काल जारी करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में घोषणा की थीए जिसके बाद कर्मचारियों को जल्द आदेश जारी होने की उम्मीद है।

जगत्पूज्य श्रमण शिरोमणि निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ की भव्य आगवानी

बुरहानपुर। दिनांक 26 जुलाई को जगत्पूज्य श्रमण शिरोमणि निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ की भव्य आगवानी इंदौर जैन एवं जैनेतर समाज के द्वारा की गई ।लगभग 6 किलोमीटर के मार्ग में दोनों और गुरु भक्तों का तांता लगा रहा।

लगभग एक लाख भक्त सम्मिलित हुए ।इंदौर के अतिरिक्त बुंदेलखंड, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल आदि प्रान्तों से भी गुरु भक्तों ने आकर आगवानी में सहभागिता की ।बुरहानपुर से पार्श्व ज्योति मंच के यशस्वी अध्यक्ष श्री राजेश चान्दमल जी जैन पटवारी एसंस्थापक सचिव डॉक्षसुरेन्द्र जैन भारती एअखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शोभा राजेश जैन पटवारी,जैनाबाद से पाटनी दंपतीएफेपनार समाज के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राजेश चान्दमल जी जैन पटवारी ने प्रात: गुरु चरणों का पाद प्रक्षालन किया।

जगत्पूज्य गुरुदेव ने श्री राजेश चान्दमल जी जैन एवं श्रीमती शोभा जैन एडाण्सुरेन्द्र जैन भारती को आशीर्वाद प्रदान किया। डाण्सुरेन्द्र जैन भारती ने जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम का संचालन कियाएजिसे 122देशों में देखा गया। जगत्पूज्य श्रमणशिरोमणि निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास इन्दौर में सम्पन्न होगा।

रोटरी क्लब प्राइम का पदग्रहण समारोह

बुरहानपुर। रविवार को रोटरी क्लब बुरहानपुर प्राइम का पदग्रहण समारोह को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सागर से पधारे रोण् मुकेश जी साहू आगामी वर्ष 27.28 के मंडलाध्यक्ष थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निवर्तमान मंडलाध्यक्ष रो सुशील मल्होत्रा थे जिन्होंने क्लब को चार्टर प्रदान किया।

पदग्रहण अधिकारी के रूप में पधारें पुर्व मंडलाध्यक्ष रो जिनेन्द्र जैन थे जिन्होंने क्लब अध्यक्ष रो.गेंदालाल प्रजापति व सचिव रो. प्रवीण चापोरकर व कार्यकारिणी को संकल्प प्रदान कर पदग्रहण कराया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि सहायक मंडलाध्यक्ष रो.सौरभ श्रॉफ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व रोटरी के जनक पॉल हॅरीस के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। क्लब अध्यक्ष रोप्त गेंदालाल प्रजापति द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। क्लब की 12 नये सदस्यों द्वारा पिन लगाकर सदस्यता ग्रहण की गई। एवं रोटरी के सेवा प्रकल्पों में सहयोग करने के लिए 8 रोटरी प्राइम पार्टनर बनाए गए जिसकी जानकारी रो दीपक सलूजा ने दी ! कार्यक्रम में लायन्स क्लब, रोटरी क्लब बुरहानपुर,मारवाड़ी युवा मंच,मुक बधीर विद्यालय व विविध संस्थाओं से पधारे अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव रो प्रवीण चापोरकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन रो. जगदीश गुप्ता ने किया।

21 फीट रथ पर भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभयात्रा आज

भगवान श्री जगन्नाथ बडे बालाजी मंदिर से निकलकर करेंगे नगर भ्रमण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में द्वितिय वर्ष सोमवार को बालाजी मंदिर महाजनापेठ से विशाल एवं भव्य भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। यह रथयात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुवे शनवारा वाडी पहुचकर रथयात्रा का कथा,आरती एवं महाप्रसादी के साथ समापन होगा। इस रथयात्रा में लेझिम खेलतम अखाडे, घोडे, बग्गी, कीर्तनकारों के साथ संतजन एवं नगरवासी भारी संख्या में शामील होंगें। आयोजक संस्था इस्कॉन के बुरहानपुर ,हरदा प्रभारी श्री हिमान्शु टाले ने उपरोक्त जानकारी देते हुवे समस्त नगर वासीयों से इस रथयात्रा में शामील होने का अनुरोध किया है। इसका उद्देश्य भगवद्गीता और वेदों के ज्ञान को पूरी दुनिया में फैलाना तथा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति का प्रचार करना है।

21 फीट ऊँचा हाईड्रोलीक रथ :- उन्होने बताया कि इस रथयात्रा में उत्तरभारत के 6 राज्यों के क्षेत्रिय सचिव एवं इंदौर इस्कॉन प्रमुख महामना महाराज श्री , युक्रेन से पधारे इस्कॉन प्रमुख तथा 20 अन्य प्रमुखजन भी इस रथयात्रा में शामील होगें। इस रथयात्रा के लिए 21 फीट ऊँचा हाईड्रोलीक रथ बुरहानपुर पहुच रहा है। रथयात्रा के शुभारम्भ पर एवं समापन स्थल पर छप्पनभोग का आयोजन किया गया। रथयात्रा के पिछे केसरीया भात का वितरण होगा,वही रथ से केला प्रसादी वितरीत होती रहेगी। समापन स्थल पर भगवान श्री जगन्नाथ कथा,आरती एवं महाप्रसादी का भी आयोजन रहेगा।

इन स्थानो से निकलेगी रथयात्रा:- यह भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जुलाई 2026 सोमवार को दोपहर 2. 00 बजे से बडे बालाजी मंदिर महाजनापेठ से प्रारम्भ होगी। श्री जगनाथ रथ यात्रा मार्ग बालाजी मंदिर महाजनापेठ से पांडुमल चौराहा , गांधी चौक, फव्वारा चौक , शनि मंदिर , भाईसाहब की हवेली , पांडुमल चौराहा , राजपुरा गेट , न्यामतपुरा ,बड़े पोस्ट ऑफिस , जयस्तंभ से शनवारा होते हुवे गुजराती वाड़ी शनवारा सेवा सदन कॉलेज के सामने समापन कथा,आरती एवं महाप्रसादी के साथ होगा।

बुरहानपुर लाए गए भगवान जगन्नाथ:- भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलदेव और बहन सुभद्रा सहित पाचोरा से श्री मंगल भाई श्रोफ के निवास रामबाड़ा, राजपुरा बुरहानपुर पहुचे ।इस दौरान सभी भक्त जनो द्वारा उनका जोरदार पुष्पवर्षाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयकारो से आकाश गुंजायमान किया गया। जो भक्त जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए बाहर से आ रहे है उनके रुकने की व्यवस्था श्री राम मंगल भवन राजपुरा मैं की गई है। यह सेवा श्री नरेंद्र श्रोफ प्रभुजी द्वारा की गई है।

इस्कॉन का इतिहास:- श्री हिमान्शु टाले ने बताया कि भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद ने 70 साल की उम्र में इस संस्था की नींव रखी थी। इस्कॉन का मुख्य आध्यात्मिक और प्रशासनिक केंद्र मायापुर, पश्चिम बंगाल में स्थित है। वैष्णव परंपरा अनुसार यह गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय से जुड़ा है, जहाँ श्रीकृष्ण को सर्वोच्च भगवान माना जाता है। देशभर में आज भारत समेत दुनिया भर में इस्कॉन के 800 से अधिक मंदिर, स्कूल और सामुदायिक केंद्र हैं। प्रसिद्ध मंदिर भारत में वृंदावन, कृष्ण.बलराम मंदिर, दिल्ली,मायापुर, बेंगलुरु और मुंबई के इस्कॉन मंदिर बहुत प्रसिद्ध हैं। यहाँ भारतीय संस्कृति और ,, हरे कृष्ण हरे राम,,महामंत्र का जाप मुख्य रूप से किया जाता है। 12 दिवसीय यह उत्सव का सोमवार को समापन अवसर है। इस दिवस प्रभु श्री जगननाथ वापसी मंदिर में विराजमान होते है।

समरसता का प्रमुख आयोजन:- आपने बताया कि वर्ग,जाति और सम्प्रदाय से मुक्त समरसता के पावन पर्व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का इतिहास प्राचिन है। और यह स्कन्द पुराण, ब्रह्म पुराण और पद्म पुराण जैसे ग्रंथो में मिलता है। पूरी उड़ीसा में हर वर्ष आषाढ़ मास की द्वितिया को निलाद्री उत्सव के रूप में यह पर्व मनाया जाता है। इसके पीछे माता सुभद्रा, राजा इंद्र घुम्न से जुडी पौराणिक और एतिहासिक कथाओं का वर्णन है।

रथ पर आरुढ भगवान जगन्नाथ की सेवा में समाजजन रथ को रस्सी से खींचते है साथ ही भक्त यात्रा मार्ग पर रथ के आगे झाडु लगाते हुए छे रतरहा रस्म को आज भी जिवित रखे हुए है। कहा जाता है ,, रथे तू वामनं दुष्टा पुनर्जन्म न विद्यते ,,जो व्यक्ति रथ पर आरुढ भगवान जगन्नाथ के दर्शन करता है वह इस दु:खमय संसार में पुन: जन्म नहीं लेता ।तो आइये ! प्रभु जगन्नाथ,बलदेव एवं सुभद्रा जी के दिव्य रध के साथ भक्ति और आनंदमय यत्रा से जुड़ें। 27 जुलाई 2026 , सोमवार को दोपहर 2 बजे , बडे बालाजी मंदिर महाजनापेठ बुरहानपुर से प्रारंभ होकर शनवारा वाडी पहुचेगी।

जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने एक बार फिर जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की



बुरहानपुर। 45 वर्षीय महिला मरीज पिछले लगभग चार वर्षों से दाहिने अंडाशय में बड़ी गांठ एवं ओवेरियन सिस्ट की समस्या से पीड़ित थीं। आवश्यक जांचों के बाद चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान छोटा चीरा लगाकर अंडाशय में जमा लगभग 5 लीटर द्रव सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। इस जटिल सर्जरी को शल्य चिकित्सक डॉ. मुमताज अंसारी, शल्य चिकित्सक डॉ.प्रतीक चौधरी, डॉ. श्वेता शिवहरे, स्टाफ नर्स पल्लवी साहू एवं मानसी पासवान की टीम ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने सफल सर्जरी के लिए पूरी चिकित्सकीय एवं नर्सिंग टीम की सराहना की। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मरीज एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा जिला चिकित्सालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजयुमो ने दी कारगिल विजय दिवस पर जयस्तंभ शनवारा पर कैंडल श्रद्धांजलि

तिरंगा लहराया गया, जमकर लगाए पाक विरोधी नारे , शहीदो को किया नमन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ''भारतीय जनता युवा मोर्चा, बुरहानपुर'' द्वारा ''कारगिल विजय दिवस'' के गौरवपूर्ण अवसर पर हमारे वीर शहीदों को नमन करने हेतु श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला ,मंडल, विभिन्न मोर्चा,प्रकोष्ठो के पदाधिकार एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहकर ''कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अदम्य साहस,त्याग एवं बलिदान को नमन'' किया गया । अंत में राष्ट्रगान किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल विजय दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1999 के कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफल और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव महाजन ने भी इस अवसर पर कहा कि इस अभियान के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में उन क्षेत्रों को वापस हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी।

युवा मोर्चा जिला बुरहानपुर के मिडिया प्रभारी अंकित व्यास ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर हमारे वीर शहीदों को नमन करने हेतु श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वैभव महाजन के आव्हान पर समस्त युवा साथियों से की उपस्थित में तिरंगा ध्वज लहराते हुए कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान को नमन किया ओर शहीदों के याद में मोमबत्तीया प्रज्वलित की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष वैभव महाजन , जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी आलोक मिश्रा,रोहन जाधव, आयुष राजे,आकाश चौधरी,चेतन शाह, देव चौहान, प्रसाद उमाले, ओम महाजन, अक्षय पाटिल, सौरभ परिवाले, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत रावतोले, उमेश देवस्कर, नितेश चौहान, राकेश सावकरे, सहित भाजपा एवं युवामोर्चा जिला ,मंडल,मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

जनहित एवं विकास कार्यों की निरंतरता हेतु शीघ्र कार्यभार सौपे : महापौर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा बताया गया कि नगर निगम में कार्यपालन यंत्री का पद वर्तमान में रिक्त होने के कारण अनेक जनहित एवं विकास संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होए इसके लिए आवश्यक है कि नए कार्यपालन यंत्री की पदस्थापना होने तक यंत्री विभाग के किसी सक्षम अधिकारी को तत्काल कार्यभार सौंपा जाए। कार्यपालन यंत्री की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने के संबंध में आयुक्त द्वारा भी आदेशिका स्वीकृति हेतु महापौर को भेजी गई है जिस पर महापौर द्वारा आयुक्त के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर द्वारा नगर निगम प्रशासन, जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र अंतरिम व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया गया है, ताकि स्वीकृत विकास कार्य, निर्माण कार्य, रखरखाव एवं अन्य तकनीकी कार्य निर्धारित समय पर संपादित होते रहें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नगर निगम प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि नए कार्यपालन यंत्री के पदभार ग्रहण करने तक यंत्री विभाग में कार्यभार का समुचित आवंटन तत्काल किया जाए, जिससे नगर के विकास कार्यों की गति बनी रहे तथा जनहित से जुड़े सभी कार्य निर्बाध रूप से संचालित होते रहें।

खराब कुंडिया मार्ग सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों ने की नारेबाजी

खकनार। कुंडिया मार्ग सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों ने की नोरबाजी , ज्ञात हो कि ग्राम बसाली से कुंडिया यह रास्ता देश कि आजादी के बाद से आज भी यथावत है अर्थात खराब स्थिति में है । खकनार ब्लॉक में जाने हेतु यह रास्ता 7 से ज्यादा गांवों के लिए एकमात्र नजदीकी रास्ता होने से प्राय: ग्राम बसाली, साईखेड़ा नागझिरी, आमगांव, उसारणी, नांदुरा आदि अन्य गांव के लोग इसी बदहाल रास्ते से जाने के लिए मजबुर है,चुंकि खकनार यह तहसील के अलावा शिक्षा,स्वास्थ्य,वन से जुड़े समस्या एवं रोज़मर्रा कि जरुरतों के लिए भी अति आवश्यक है। सभी सातों गांवों के लोगों को किसी भी प्रकार की सरकारी योजना के लिए या आवश्यक कार्य हेतु जाना बहुत बड़े संकट का सामना करने जैसा है । अत: आज दिनांक 26 जुलाई को बड़ी संख्या में बदहाल रास्ते में पहोंच कर रास्ते कि दुर्दशा दिखाकर पक्की सड़क कि मांग दोहराई। इस समय सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रवि कुमार पटेल ने सड़क न बनने कि स्थिति में गंभीर आंदोलन कि चेतावनी दी एसाथ ही जनपद सदस्य गणेश मावस्कर एउप सरपंच देविदास एवं नंदु पटेल ने भी आंदोलन कि बात का पुनर्कथन किया इस अवसर पर पक्की सड़क की मांग को लेकर के प्रमुख ग्रामीण मौजूद रहे । जिनमें माधो नाटो ,शुमला, ओम प्रकाश,बद्री वास्कले, पन्ना पटेल,संजय चौकसे ,राहुल राठौर, मामराज, रामदास महाराज, श्रीराम, श्रीकिशन, सालिकराम, मंसाराम आदि सैकड़ों कि संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आज गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। दिनांक 26 जुलाई को गौ माता सम्मान अभियान के विषय में कलेक्टर कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के विषय में राजस्थान भवन में एक बैठक रखी गई। इस बैठक में बड़वाह से श्रीमती सोनाली पवार,भिकनगांव से रवि जायसवाल और बुरहानपुर से प्रकाश पालीवाल, मुकेश डालमिया ,समाजसेवी सत्यनारायण लड्ढा, बी. के .खले सहित अन्य गौ सेवक उपस्थित थे। इस बैठक में 27 जुलाई को सुबह11. 30 बजे कलेक्टर कार्यालय में पहुंच कर प्रार्थना पत्र दिया जाना तय किया गया। मुकेश डालमिया ने बताया कि सोमवार 27 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय पर प्रार्थना पत्र देने के लिए परमानंद गोविंद जी वाला ऑडिटोरियम पर सभी इकट्ठे होंगे और वहां से सभी एक साथ कलेक्टर कार्यालय पहुचकर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषीत करने हेतु प्रार्थना पत्र सौपा जाएगा।

सनातन संस्था छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा मंगल कार्यालय पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बुरहानपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन संस्था की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन ब्रह्मपुर बुरहानपुर में राजे छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा मंगल कार्यालय पुलिस थाने के सामने लालबाग में शाम 5रू30 से आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में महर्षि व्यास एवं गुरु की प्रतिमा का पूजन होगा साधकों के अनुभव कथन रामराज्य की स्थापना हेतु नाम जप राष्ट्रभक्ति और धर्मनिष्ठ मान्यवारों का मार्गदर्शन तथा राम राज्य अर्थात हिंदू राष्ट्र स्थापना हेतु किया जाने वाला संघर्ष और दिशा इस विषय पर प्रखर वक्ता का मार्गदर्शन होगा इस महोत्सव में आप तन मन और धन से सहभागी हो जिससे आपको इस दिन सहस्त्र गुना कार्यरत गुरु तत्व के आशीर्वाद तो प्राप्त होंगे ही साथ ही राष्ट्र धर्म के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने का लाभ भी मिलेगा इसलिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधार कर गुरु तत्व का लाभ ग्रहण करें।

धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस का जश्न

नेपानगर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार शाम 6 बजे नगर कांग्रेस कमेटी नेपानगर द्वारा भव्य विजयी मार्च निकाला गया। पूर्व में तय कैंडल मार्च को विजयी मार्च में बदला गया ।नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैंस ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर जोश के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रों के अधिकारोंए निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्थाए शिक्षा में पारदर्शिता के समर्थन में जोरदार नारे लगाए।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस ने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा और पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों को लेकर कांग्रेस ने पूरे देश में लगातार संघर्ष किया। इसी जनदबाव का परिणाम है कि सरकार को जवाबदेह होना पड़ा ।यह उपस्थित रहे:-कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली,पूर्व नपाध्यक्ष सोहन सैनी, मंडलम अध्यक्ष पांडुरंग आमले, लालचंद पटेल, निर्मला जावरकर, मृदुला सैनी, पार्षद योगिता पाटिल, वर्षा ठाकरे, अंबादास सोनवणे, प्रदीप मिसाल, धीरज करोसिया, संजय टोरानी, विनोद पाटिल, राजू दामू पाटिल,पदम चौहान, शारदा बाई चौहान, अकरम खान, कुणाल तोमर, प्रभाकर अडकमोल, ज्ञानेश्वर चौहान, जगदीश पटेल, सुनील हल्दिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

एक नजर | **छात्रों की जीत, राहुल गांधी के संघर्ष से झुकी मोदी सरकार : टॉक**

नीट पीड़ित छात्रों के परिवारों को 1-1 करोड़ मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद बुरहानपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार शाम गांधी चौक से डॉण् भीमराव अंबेडकर प्रतिमा ;बड़े पोस्ट ऑफिसद्ध तक विजय मार्च निकाला गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों के संघर्ष और लोकतंत्र की जीत बताया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशभर के छात्रों की आवाज को पूरी मजबूती और निडरता से उठायाए जिसके चलते केंद्र सरकार को मजबूर होकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है और छात्रों के संघर्ष की सफलता है।

रिंकू टाक ने मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण से आहत होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को एक.एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। साथ ही छात्रों के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ने की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए। कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों की लड़ाई सड़क से संसद तक मजबूती से लड़ीए जिसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार को शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना पड़ा। उन्होंने पीड़ित छात्रों के परिवारों को 1.1 करोड़ रुपये मुआवजा और लाठीचार्ज के दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस के इस विजय मार्च में पार्टी के वरिष्ठ नेताए जनप्रतिनिधिए पार्षदए युवा कांग्रेसए एनएसयूआईए महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मार्च गांधी चौक से प्रारंभ होकर कमल तिराहे के रास्ते डॉण् भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास बड़े पोस्ट ऑफिस पर संपन्न हुआ, जहां छात्रों के समर्थन में नारे लगाए गए और न्याय की मांग दोहराई गई।

विजय मार्च में रिंकु टाक एश्रीमती अनिता यादव, योजना देवड़ा,अजय रघुवंशि,इन्द्रसेन देशमुख, हुजेफा मुलायमवाल,सलीम कॉटन वाला,अकील औलिया, किशोर महाजन, उबेद शेख, अब्दुल्ला अंसारी, इस्माइल अंसारी,मीना मोरे, हमीद डायमंड, मूज्जू मीर, शाहिद बंदा, आरिफ खानए इनाम आंसरी, जावेद खान, तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला,अमर यादव आदि उपस्थित थे।